Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 7:12 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:24 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 32 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | बुधवार, 17 जुलाई 2024



भूल भुलैया 3 में फवाद खान...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### 6 माह बाद दर्ज हुई बाइक चोरी की रिपोर्ट

**हल्द्वानी।** पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट छह महीने बाद दर्ज की है। बाइक स्वामी ने पुलिस में बाइक चोरी की शिकायत टीपीनगर चौकी में दर्ज कराई थी। प्रेमपुर लोशज्ञानी हल्द्वानी निवासी हिमांशु बिष्ट पुत्र आनंद सिंह बिष्ट ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसन अपनी देवलचौड़ स्थित लाल बहादुर शास्त्री कम्प्यूटर के बाहर खड़ी की थी। पीड़ित का कहना है कि उसने बाइक चोरी की रिपोर्ट 17 दिसंबर 2023 को दर्ज कराई थी जिसके बाद पुलिस छह महीने से बाइक ढूंढने का आश्वासन ही देती रही। अब पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

### कछार में पुलिस के साथ मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर

**गुवाहाटी।** असम के कछार में बुधवार को आतंकवादियों और पुलिस में मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में तीन आतंकवादी ढेर हो गए, जबकि कई पुलिसकर्मी घायल भी हुए। हालांकि, पुलिस ने इस मुठभेड़ को लेकर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की। असम पुलिस में एक वरिष्ठ अधिकारी ने तीन आतंकियों के ढेर होने की पुष्टि की। अधिकारी ने कहा, हमारे कुछ कर्मचारी भी घायल हुए। लेकिन हम फिलहाल उनकी इंजरी पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकते हैं। हमें अभी तक कछार जिला पुलिस से रिपोर्ट नहीं मिली है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस ने मंगलवार रात पूर्वी ढोलाई गंगानगर से तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था। उनके बारे में अभी तक सार्वजनिक नहीं की गई है। सूत्र ने कहा, ऑटोरिक्शा से एक एके-47 राइफल, एक पिस्तौल और अन्य हथियार जब्त किया गया। पुलिस की एक टीम अन्य विद्रोहियों की तलाश में आज सुबह तीनों को भवन हिल्स इलाके में ले गई। तभी पुलिस और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हो गई। सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ में तीन आतंकी ढेर हो गए। हालांकि, तीन पुलिसकर्मी गोली लगने से घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## मानसून पकड़ेगा रफ्तार, आज कुमाऊं में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

हल्द्वानी/ देहरादून
हमारे संवाददाता

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है आने वाले दिनों में मानसून रफ्तार पकड़ेगा। वहीं आज पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले में भारी से भारी बारिश होने की आशंका है।

प्रदेश के कुमाऊं क्षेत्र में आज बुधवार को भारी से भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से कुमाऊं के पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिले में भारी से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि देहरादून, उत्तरकाशी, टिहरी, रुद्रप्रयाग, चमोली, चंपावत और नैनीताल जिले के कुछ हिस्सों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है आने वाले दिनों में मानसून रफ्तार पकड़ेगा। पहाड़ों की रानी मसूरी में झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। बारिश के साथ ही घना कोहरा छाया रहा। तेज बारिश होने से मालरोड सहित पर्यटक स्थलों में घूम रहे सैलानियों को परेशानी का सामना करना पड़ा ।



### नैनीताल जिले में नौ सड़कें अब भी बंद

**हल्द्वानी।** नैनीताल जिले में बीते 24 घंटे में हल्द्वानी-काठगोदाम में सबसे अधिक 102.0 एमएम बारिश रिकार्ड की गई।

बारिश के चलते जिले में नौ सड़कें अब भी बंद हैं। इनमें हरीशताल मार्ग बीती 28 जून से बंद पड़ा है। प्रशासन बंद पड़ी सड़कों को खोलने के लिए जेसीबी के सहयोग से मलवा आदि हटाने में लगा हुआ है। बंद सड़कों में देवीपुरा-सौड मार्ग, ढोलीगांव-धैना, फतेहपुर पीपल-अणिया, मल्यूटी व लमजाला मोटर मार्ग आदि शामिल हैं। वहीं मौसम विभाग की ओर से आज कुमाऊं में भारी से भारी बारिश होने की संभावना है।

आफत की बारिश... ...पेज 4 पर

मंत्रियों को हफ्ते में दो दिन रात्रि प्रभारी क्षेत्र में विश्राम के निर्देश

## सीएम आवास पर उपचुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा



लखनऊ
एजेंसी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में उनके आवास पर हुई बैठक में उपचुनाव की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई और इसके लिए मंत्रियों को जिम्मेदारी दी गई।

यूपी में 10 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री आवास पर बैठक हुई जिसमें सरकार व संगठन के लोग शामिल हुए। बैठक में एक सीट की जिम्मेदारी तीन मंत्रियों को दी गई है। बैठक के बाद बाहर निकले कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि उपचुनाव को लेकर चर्चा हुई और सभी की जिम्मेदारी तय की गई।

बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने सभी मंत्रियों को अपने प्रभारी क्षेत्र में जब तक चुनाव समाप्त न हो जाएं दो दिन-रात्रि विश्राम के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री की तरफ से सभी प्रभारी मंत्रियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि हर एक ग्रुप को कार्यकर्ताओं के साथ बात करनी है और सबसे ज्यादा फोकस बूथ को मजबूत करने में करना है।

बता दें, लोकसभा चुनाव में सांसद बने 9 विधायकों की सीटों समेत सीसामऊ सीट पर उप चुनाव होना है। सपा विधायक के अयोग्य घोषित होने से सीसामऊ सीट रिक्त हुई है। जिन 9 सीटों पर उप चुनाव होने हैं, उनमें मिल्कीपुर, कटेहरी, फूलपुर, मझवां, गाजियाबाद सदर, मीरापुर, खैर और कुंदरकी शामिल हैं। बता दें कि लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा को मिली पराजय के बाद पार्टी इन उपचुनाव में बड़ी जीत हासिल कर संदेश देना चाहती है कि भाजपा की पकड़ अभी भी यूपी के मतदाताओं पर मजबूत है। इन चुनाव को विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारियों से भी जोड़कर देखा जा रहा है।

भाजपा में लखनऊ से लेकर दिल्ली तक बैठकों का दौर चल रहा है। मंगलवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की थी।

## मोहर्रम: इमामबाड़े में जिक्रे शहादत पर मर्सी का गायन

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

माहे मोहर्रम की दस तारीख यानी यौमे आशूरा पर हल्द्वानी में या हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं। मस्जिदों, मदरसों, खानकाहों और इमामबाड़े में जिक्रे शहादत पर मर्सी का गायन किया गया। लोगों ने मोहर्रम पर रोजा भी रखा।

बुधवार को आजाद नगर, इंदिरा नगर, नई बस्ती आदि में ताजियेदारों ने ताजिये सजाए। मोहर्रम कमेटी की ओर से जुलूस का आगाज किया। लाइन नंबर 17 से होते हुए जुलूस नई बस्ती पहुंचा। इसके बाद लाइन नंबर 16, 12, चोरगलिया रोड होते हुए लाइन नंबर 8 पहुंचा। बड़ी तादात में लोगों ने ताजिए के दीदार किए और युवाओं ने अखाड़ा खेलकर इमाम हुसैन को सलामी दी। इस दौरान ढोल नगाड़े बजाकर अखाड़ा खेलने वाले युवाओं का उत्साह बढ़ाया गया। वहीं हर घोड़े जिसके खलीफा मो. यूसुफ थे, आकर्षण का केंद्र बने रहे। वहीं ढोल मकसूद आलम व उनके साथियों ने मातम कर ईमाम हसन-हुसैन की शहादत को याद किया।

### सुरक्षा की दृष्टि से 100 पुलिस के जवान तैनात

सुरक्षा की दृष्टि से 100 पुलिस के जवान सहित दो प्लाटून आईआरबी, दो फायर बिग्रेड, दो सीपीयू जंबो, एक टियर गैस भी इस दौरान मौजूद रहा। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि मोहर्रम के जुलूस के दौरान कोई भी अराजक तत्व हरकत करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जगह-जगह पर पुलिस बल तैनात किया गया है और अखाड़े चलाने वालों को भी सही से अखाड़ा खेलने की हिदायत दी गई है।



## हादसा: सोमेश्वर में सड़क से नीचे पलटी बोलेरो, तीन घायल

अल्मोड़ा
हमारे संवाददाता

सोमेश्वर के बिंता में एक बोलेरो जीप अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिर गई। जीप में फंसे चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने फंसे लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया।

सोमेश्वर के बिंता में एक बोलेरो जीप अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिर गई। जीप में फंसे चालक सहित तीन लोग घायल हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने फंसे लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया।

बिंता क्षेत्र में बीते सोमवार देर रात एक बोलेरो जीप यूके 01 टीए 3022 अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे पलट गई। जीप में सवार चालक सहित तीन लोग घंटों जीप में फंसे रहे। सड़क पर आवाजाही कर रहे एक अन्य वाहन चालक की नजर जीप पर पड़ी तो उसने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जीप में फंसे तीनों लोगों को बाहर निकाला।

थानाध्यक्ष कश्मीर सिंह ने बताया कि वाहन में सवार गोपाल राम पुत्र हयात राम, दिलीप सिंह पुत्र नारायण सिंह, मोहित सिंह पुत्र गुसाईं सिंह भंडारी निवासी बालेगांव घटना में घायल हो गए। तीनों को उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया। पूछताछ में पता चला कि वाहन के आगे कोई जानवर आने से चालक नियंत्रण खो बैठा और जीप अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे पलट गई।

## नैनीझील के अनसुलझे रहस्यों का पता लगाएगी भारतीय नौसेना

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नैनीझील का सात दिवसीय बैथिमेट्रिक सर्वेक्षण शुरू हो चुका है। इसका उद्देश्य झील की गहराई और पानी के नीचे की स्थलाकृति, भीतर किस तरफ कैसा ढलान है, के बारे में डाटा एकत्रि करना है जो झील के संरक्षण और भविष्य के प्रबंधन में अहम साबित होगा। भारत सरकार के मुख्य हाइड्रोग्राफर के निर्देशों के क्रम में नैनीझील का सात दिवसीय बैथिमेट्रिक सर्वेक्षण शुरू हो चुका है।

इसका उद्देश्य झील की गहराई और पानी के नीचे की स्थलाकृति, भीतर किस तरफ कैसा ढलान है, के बारे में डाटा एकत्रि करना है जो झील के संरक्षण और भविष्य के प्रबंधन में अहम साबित होगा। बता दें भारतीय नौसेना पोत आईएनएस सर्वेक्षक की एक टीम (हाइड्रोग्राफर्स) की ओर से यह सर्वेक्षण किया जा रहा है। इसका नेतृत्व आईएनएस सर्वेक्षक के कमान अधिकारी भारतीय नौसेना के कैप्टन त्रिभुवन सिंह कर रहे हैं। डीएसबी परिसर के पुरातन छात्र एवं फाइव यूके नेवल एनसीसी के कैडेट रह चुके त्रिभुवन सिंह के साथ टीम में लेफ्टिनेंट कमांडर दीपक बिष्ट और पांच नाविक शामिल हैं।

कैप्टन त्रिभुवन ने बताया कि झील की गहराई मापने और नीचे के नमूनों का संग्रह करने के लिए अत्याधुनिक इको साउंडर्स, झील के किनारे प्रमुख विशेषताओं की स्थिति तय करने के लिए जीपीएस सेट किया गया है। इससे नैनीझील का बैथिमेट्रिक चार्ट तैयार किया जाएगा। जो झील के बेहतर प्रबंधन और संरक्षण के लिए अहम होगा। सर्वेक्षण से पूर्व नौसेना एनसीसी इकाई के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन चंद्र विजय नेगी, आईएनएस सर्वेक्षक के कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन त्रिभुवन सिंह व उनकी टीम के बीच स्मृति चिह्नों का आदान प्रदान किया गया। फाइव यूके नेवल यूनिट एनसीसी की ओर से बड़ी फ्लैट-बॉटम नाव समेत उपकरणों की सुरक्षा और सर्वेक्षण तैयारी के लिए स्थान उपलब्ध कराया गया है। वहां नेवल एनसीसी के चीफ इंस्ट्रक्टर अंकुर यादव, नेवल एनसीसी यूनिट के दीपक चंद, शेर सिंह चौहान आदि मौजूद रहे।



# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुरू हुआ हरेला मेला

भीमताल/नैनीताल

हमारे संवाददाता

भीमताल के मल्लीताल रामलीला मैदान में मंगलवार को 6 दिनी प्रसिद्ध हरेला मेला रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ शुरू हो गया। मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट व विधायक राम सिंह कैड़ा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर मेले का शुभारंभ किया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट ने कहा कि हरियाली का प्रतीक हरेला मेला हमारी संस्कृति से जुड़ा है। भारत की सभ्यता और संस्कृति में देवभूमि उत्तराखंड का अभूतपूर्व योगदान है। इसको सभी स्वीकारते हैं। कहा भीमताल के लोगों ने संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन का जो बीड़ा उठाया है उसको हरेला मेला पूरा करेगा तथा अपनी सांस्कृतिक विरासत को आगे बढ़ाने में हरेला मेला आने वाली पीढ़ी को तैयार करेगा।

विधायक राम सिंह कैड़ा ने कहा मेले व त्यौहार लोगों को एक सूत्र में पिरोने का काम करते हैं, हरेला मेले से पहाड़ की प्राचीन यादें जुड़ी हैं। जिसे भव्य बनाने व संरक्षण के लिए सबको आगे आना होगा।



कार्यक्रम में निवर्तमान पालिकाध्यक्ष देवेंद्र चनौतिया समेत सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत, दुग्ध संघ के अध्यक्ष मुकेश बोरा, एसडीएम प्रमोद कुमार, ईओ उदयवीर सिंह, जिला पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमला आर्या, पुष्कर मेहरा, संदीप पांडे, कृपाल मेहरा, पंकज जोशी, प्रदीप पाठक, नितिन राणा, योगेश तिवारी, कमलेश रावत, आशु पाठक, पवन जोशी, विपिन पांडे तथा रामपाल गंगोला, आशा उप्रेती, ललित मेहरा, भुवन पडियार, सीमा टम्टा, दीपक कुमाएए पवन साहए शिप्रा जोशीए मनोज भट्ट,नितेश बिष्ट तथा संजय वर्मा समेत नगर के तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे। संचालन संदीप पांडे ने किया।

# सीएम धामी ने श्रावणी मेला का किया शुभारंभ

**अल्मोड़ा।** सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को जागेश्वर धाम पहुंचकर यहां एक महीने तक आयोजित होने वाले प्रसिद्ध श्रावणी मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हुए प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को जागेश्वर धाम पहुंचकर यहां एक महीने तक आयोजित होने वाले प्रसिद्ध श्रावणी मेले का शुभारंभ किया। उन्होंने मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हुए प्रदेश की खुशहाली की कामना की। सभी को श्रावणी मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि डबल इंजन की सरकार उत्तराखंड के विकास के लिए समर्पित है। यही कारण है कि नीति आयोग की रिपोर्ट में प्रदेश को सतत विकास में प्रथम स्थान हासिल हुआ है। जिले में पर्यटन को बढ़ावा दिया जा रहा है। जागेश्वर धाम का मास्टर प्लान के तहत विकास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यहां पहुंचने के बाद श्रद्धालुओं की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मास्टर प्लान के बाद यहां हर साल 10 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है, इससे जिले में रोजगार के भी नए अवसर पैदा होंगे। सीएम ने कहा कि अल्मोड़ा जिले में जागेश्वर धाम और यहां आयोजित होने वाला श्रावणी मेला पौराणिक संस्कृति का सजग उदाहरण है। यहां आकर अलग ही शांति की अनुभूमि होती है।



# जैन ग्लोबल स्कूल में धूमधाम से मनाया लोक पर्व हरेला

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

काशीपुर रोड स्थित जैन ग्लोबल स्कूल में हरियाली के प्रतीक हरेला पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विद्यार्थियों ने विभिन्न कुमाऊंनी लोक परंपरा को मंच पर प्रदर्शित किया।

छात्रों ने कार्यक्रम का प्रारंभ कुमाऊंनी सरस्वती वंदना के साथ किया। इसके बाद कुमाऊं के लोक पर्व हरेला के इतिहास एवं परम्परा से जुड़े पर्यावरणीय मूल्यों को लघु नाटक के द्वारा मंच पर प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसपी क्राइम चंद्रशेखर घोड़के ने छात्रों को संबोधित करते हुए कुमाऊं के लोक पर्व हरेला के पर्यावरणीय महत्व से छात्रों को अवगत कराते हुए प्रकृति के संरक्षण का सन्देश दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ नूतन जैन जी (आई सर्जन अग्रसेन हॉस्पिटल रुद्रपुर) विद्यालय के प्रबंधक योगेश जैन, प्रधानाचार्य श्री दीपक गुप्ता ने विद्यार्थियों का हरेला पर्व की शुभकामनायें प्रेषित की।

# अपनी धरोहर संस्था ने मनाया हरेला महोत्सव

नैनीताल

हमारे संवाददाता

अपनी धरोहर संस्था द्वारा हरेला महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कुसुमखेड़ा स्थित वेंकेट हॉल में कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तोलिया, संस्था के केंद्रीय अध्यक्ष विजय भट्ट, जिला संयोजक योगेश जोशी, महिला प्रकोष्ठ कि प्रदेश संयोजिका सुनीता जोशी ने दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष बेला तौलिया ने कहा कि हरेला पर्व स्वच्छ पर्यावरण को समर्पित उत्तराखंड का प्रमुख पर्व है। हरेला पर्व पर पौधरोपण किया जाता है और स्वच्छ पर्यावरण का संकल्प लिया जाता है।

उन्होंने कहां कि हमारे पूर्वज स्वच्छ पर्यावरण कि सोच रखते थे और प्रति वर्ष हरेला पर्व मनाकर स्वच्छ पर्यावरण का संकल्प लेते थे। केंद्रीय अध्यक्ष विजय भट्ट ने कहाँ कि अपनी धरोहर संस्था द्वारा प्रतिवर्ष हरेला पर्व के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का प्रयास करता है। इस मौके पर संस्था द्वारा पौधरोपण किया गया। विभिन्न सामाजिक संस्थाओ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये।



## NEWS / फटाफट

### वन विभाग की जमीन पर बनाई दुकानों को किया ध्वस्त



**नैनीताल।** सड़क किनारे वन विभाग की जमीन पर बनाई गई नई दुकानों को वन विभाग की ओर से अभियान चला कर ध्वस्त किया जा रहा है। बता दें सोमवार को वन विभाग की टीम ने बेलुवाखान के पास बनाई गई दो दुकानों को ध्वस्त कर दिया। नैनीताल- हल्द्वानी मार्ग में वन विभाग की भूमि में जो भी नई दुकानें बनाई जाएँगी उन्हें भी ध्वस्त कर दिया जाएगा। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि नैनीताल- हल्दवानी मार्ग में वन विभाग की भूमि पर जो नई दुकानें बनाई जा रही हैं उन्हें ध्वस्त किया जा रहा है।

### कबाड़ का काम करने वालों पर पुलिस का अभियान

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल बूचडखाना क्षेत्र में मंगलवार को कबाड़ का काम करने वाले लोगों द्वारा गंदगी करने व बिना सत्यापन निवास करने की शिकायत पर तल्लीताल पुलिस ने अभियान चलाया। इस दौरान कई बाहरी लोग बिना सत्यापन क्षेत्र में रहते हुए मिले साथ ही रास्ते में भारी गंदगी पसरी हुई मिली। पुलिस ने 10 लोगों के विरुद्ध पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की है। मंगलवार को तल्लीताल पुलिस ने बूचडखाना क्षेत्र में सत्यापन व चैकिंग अभियान चलाया। जहां पुलिस को कबाड़ का काम करने वाले लोगों के आवास के बाहर व गोदाम से रास्ते तक कबाड़ व गंदगी फैली मिली। इस संबंध में लोगों से पूछताछ के बाद कबाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। जिसमें से तीन लोगों का पुलिस सत्यापन नहीं मिला। पुलिस टीम ने बिना सत्यापन रह रहे लोगों को कड़ी फटकार लगाई। एसओ रमेश सिंह बोहरा ने बताया कि बिना सत्यापन व सार्वजनिक मार्ग में गंदगी करने पर असगर अली समेत आसमा बीबी, नूर मोहम्मद, फ तिमा बीबी, मोहम्मद सद्दाम तथा मोहम्मद नसीम भूरा समेत दस लोगों के विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई की गई।

### समाजसेवियों ने लावारिस का अंतिम संस्कार कराया

**हल्द्वानी।** शहर के समाजसेवियों ने एक ओर लावारिस शव का रानीबाग चित्रशिला घाट में अंतिम संस्कार कराया। बीते सात माह में समाजसेवी 76 शवों का दाह संस्कार करा चुके हैं। समाजसेवी हेमंत गोनिया ने बताया कि अमित रस्तोगी, हरीश जोशी, वंश गोनिया, विक्रम बिष्ट के सहयोग से चित्रशिला रानीबाग घाट स्थित विद्युत शवदाह गृह में लावारिस पुरुष के शव का अंतिम संस्कार कराया गया। गोनिया के अनुसार इस लावारिस की उम्र करीब 46 वर्ष के आसपास थी, शव को तीन दिन के लिए सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कालेज के मोर्चरी हाउस में रखा गया था। परिजनों व परिचितों के न पहुंचने पर पुलिस ने उसका पंचनामा भरा। गोनिया ने आमजन से भी इस पुण्य कार्य में सहयोग की अपील की है।

### गैस रिसाव से घर में लगी आग, मां की मौत व बेटा गंभीर

**जसपुर।** जसपुर में मोहल्ला नई बस्ती रहमत नगर कॉलोनी में मंगलवार सुबह सिलेंडर से गैस रिसाव होने पर घर में आग लग गई। आग में मां की मौत हो गई, जबकि उसका पुत्र बुरी तरह झुलस गया। जसपुर में मोहल्ला नई बस्ती रहमत नगर कॉलोनी में मंगलवार सुबह सिलेंडर से गैस रिसाव होने पर घर में आग लग गई। आग में मां की मौत हो गई। पुत्र को निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मोहल्ला नई बस्ती रहमत नगर कॉलोनी निवासी 45 वर्षीय मो. अमजद ने मंगलवार की सुबह करीब छह बजे चाय बनाने के लिए गैस-चूल्हा चालू करने के लिए जैसे ही माचिस जलाई तो सिलेंडर से गैस रिसाव होने से घर में आग लग गई। इससे वह बुरी तरह से झुलस गया। देखते-देखते पास में ही सो रही उसकी मां 65 वर्षीय नसीमा की चारपाई में आग लग गई। इस दौरान मोहल्ले वालों ने घर में धुआं और आग की लपटें उठती देखी तो पुलिस एवं अग्निशमन केंद्र को सूचना दी। मौके पर अग्निशमन की गाड़ियों ने पहुंच कर आग पर काबू पाया। पुलिस ने 108 वाहन बुलाकर गंभीर हालत में नसीमा को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने नसीमा को मृत घोषित कर दिया।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# जनता इंटर कालेज में हरेला पर्व पर पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कुमाऊं का महापर्व हरेला पर्व पर जनता इंटर कॉलेज में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूवात विद्यालय के प्रबंधक पवन अग्रवाल ने पौधारोपण कर की।

इसके बाद छात्र-छात्राओं तथा विद्यालय स्टाफ ने विद्यालय में पौधारोपण किया। इस दौरान विद्यालय की बालिकाओं ने विभिन्न रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में हरेला पर्व हमारे पर्यावरण और प्रकृति के संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को बताता है।अमरूद, आंवला आदि विभिन्न प्रजातियों के वृक्ष रोपे गए। प्रबन्धक ने कहा कि पर्यावरण हमारे आने वाली पीढ़ी के लिए एक धरोहर है जिसे हमें सुरक्षित और स्वस्थ रखना है। उन्होंने अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आह्वान किया ताकि यह धरती को पुन: हरा-भरा बनाया जा सके प्रधानाचार्य डॉ सतीश अरोड़ा ने बताया कि पूर्व में भी विद्यालय में 2000 वृक्ष लगाऐ जा चुके हैं आगे भी इस वर्ष 200 पेड़ लगाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि अगर इस धरती को बचाना है तो हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने ही होंगे और उनकी देखभाल भी करनी होगी इससे पूरे शहर का वातावरण शुद्ध होगा।। प्रधानाचार्य ने अखिल भारतीय साहित्य परिषद उत्तराखंड के अध्यक्ष सुनील पाठक को धन्यवाद दिया जिन्होंने वृक्ष लगाओ की इस मुहिम से जुड़कर विद्यालय को 70 पौधे प्रदान किये हैं। इस दौरान बालिका वर्ग की प्रभारी रचना नेगी, अर्जुन सिंह, पंकज कुमार, चन्द्रवीर, विजय त्रिवेदी, सोनू, उत्तम अधिकारी, हेमचन्द्र पंत, अमित कपूर, वीरेंद्र जोशी, दीप कुमार पन्त, अनिल गंगवार, देवेन्द्र रावत, नवीन पांडेय, विजेंद्र कुमार, सुरेश गुप्ता, विरेन्द्र कुश्वाहा, अनिल कन्नौजिया, लाल बहादुर, अमित भारती, , माया राज, ज्योति, कल्पना, इज्या आदि मौजूद रहे।



# अभिमत



## जिम्मेदारी तय हो

*पर्वतीय क्षेत्र के अनेक लोगों को आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं की आपूर्ति बाधित हो गई। कुमाऊं के सबसे बड़े महानगर एवं आर्थिक राजधानी हल्द्वानी में कुछ माह पूर्व बनी सड़कें धंस गईं और गड्ढे पड़ गये। पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से सड़कों पर जलभराव हो रहा है। तराई के शहरों और गांवों में बाढ़ की स्थिति से खतरा उत्पन्न हो गया है। स्थानीय प्रशासन सड़कों के गड्ढों को पत्थर, बजरी, ईंट व टाइल्स से पाटकर अस्थाई समाधान कर रहा है। मानसून हर साल आता है, इसलिए गुणवत्तापरक निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सुनिश्चित करना समस्या का स्थायी समाधान है।*

पिछले दो दशक में ढांचागत विकास में तेजी आई है। केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने हाईवे, फ्लाईओवर, आरओबी, अंडरपास निर्माण से देश की तस्वीर बदल दी है। राज्य सरकारों को बुनियादी कार्य सौंपे गये हैं। राज्य सरकारें विकास कार्यों के दावे करने से नहीं थकती हैं, लेकिन मानसून ने दावों की पोल खोल दी है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को सुशासन बाबू कहा जाता है। मानसून की शुरुआत होते ही करीब आधा दर्जन पुल बिहार में ढह गये। मानसून से पहले पुरानी इमारतों के रखरखाव पर ध्यान दिया जाता है। किसी भी इमारत में एक-दो परिवार रहते हैं। खतरा महसूस होने पर जर्जर भवनों को खाली कराया जाता है, लेकिन पुल के ढह जाने से हजारों लोग प्रभावित होते हैं। बिहार में सैकड़ों गांवों के लोगों का सम्पर्क पुलों के ढहने से टूट गया। मानसून के दस्तक देने पर सप्ताहभर की बारिश ने उत्तराखंड में विकास कार्यों की धज्जियां उड़ा दीं। पूरे राज्य में भूस्खलन और दरारें पड़ने से सैकड़ों सड़कों पर यातायात बंद हो गया। पर्वतीय क्षेत्र के अनेक लोगों को आवश्यक उपभोक्ता वस्तुओं की आपूर्ति बाधित हो गई। कुमाऊं के सबसे बड़े महानगर एवं आर्थिक राजधानी हल्द्वानी में कुछ माह पूर्व बनी सड़कें धंस गईं और गड्ढे पड़ गये। पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से सड़कों पर जलभराव हो रहा है। तराई के शहरों और गांवों में बाढ़ की स्थिति से खतरा उत्पन्न हो गया है। स्थानीय प्रशासन सड़कों में गड्ढों को पत्थर, बजरी, ईंट व टाइल्स से पाटकर अस्थाई समाधान कर रहा है। मानसून हर साल आता है, इसलिए गुणवत्तापरक निर्माण कार्य की जिम्मेदारी सुनिश्चित करना समस्या का स्थायी समाधान है। पिछले साल जोशीमठ, नैनीताल समेत पहाड़ के कई क्षेत्रों में भूधंसाव से खतरा उत्पन्न हो गया था। प्रभावित क्षेत्र के भवनों को खाली कराकर लोगों को अन्य स्थानों पर ठहराया गया। प्रभावित लोगों के पुनर्वास की स्थाई व्यवस्था नहीं की गई। तराई में पुलों के साथ ही वन क्षेत्र से गुजरने वाली सड़कों पर बारिश के पानी की निकासी के लिए बनाये जाने वाले रपटे मानसून की पहली बारिश में ही बह गये। सुदूरवर्ती पर्वतीय क्षेत्र के गांवों के लोग बरसात के दिनों में दहशत में जिंदगी बसर कर रहे हैं। पर्वतीय क्षेत्र में गांवों तक सड़क नहीं होने से सामान्य मौसम में मरीजों को डोली के रूप में कई किलोमीटर दूर कंधों पर सड़क तक लाना पड़ता है। बरसात के दौरान सड़क तक मरीज को लाकर भी अस्पताल पहुंचाने के लिए वाहन नहीं मिलते। भूस्खलन से सड़क बंद हो जाती है। प्राकृतिक घटनाओं को रोका नहीं जा सकता है, लेकिन गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य और भूस्खलन के संभावित स्थानों पर एहतियाती कार्यों से विषम परिस्थितियों से बचाव किया जा सकता है।

# बैठकः प्रथम रजिस्टर्ड व्यापारी संगठन ने लिए कई फैसले

नैनीताल

हमारे संवाददाता

माँ नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल के पंजीकृत तथा सोसाइटी एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट प्राप्त होने के बाद पहली कोर कमेटी की एक अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक व्यापार मंडल के संस्थापक अध्यक्ष पुनीत टंडन की अध्यक्षता में बोट हाउस क्लब के सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में कई अहम व महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।



इससे पूर्व पुनीत टंडन द्वारा माँ नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल के सोसाइटी एक्ट के तहत पंजीकृत तथा नैनीताल के प्रथम रजिस्टर्ड व्यापारी संगठन हो जाने पर सभी पदाधिकारियों व सदस्यों को बधाई दी। बैठक में तय किया गया कि व्यापार मंडल से जुड़े व्यापारी सदस्यों का 8 लाख रुपएं का समूहिक जीवन बीमा के अन्तर्गत जीवन बीमा किया जाना सुनिश्चित किया गया तथा यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। इस समूहिक जीवन बीमा के लिए फिलहाल किसी भी व्यापारी सदस्य से कोई भी वार्षिक शुल्क अथवा प्रीमियम नहीं लिया जाएगा तथा यथा संभव व्यापार मंडल खुद के ही कोष से इसका निर्वाह करने के लिए प्रयत्नशील रहेगा।

बैठक में तय किया गया कि व्यापार मंडल की आर्थिक मजबूती के लिए सदस्यता शुल्क संगठन के पंजीकृत होने की तिथि महीने मई 2024 से नियमित रूप से लिये जाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। यह भी तय हुआ संगठन की मजबूती के लिए साधारण शुल्क के साथ ही सभी कोर कमेटी सदस्यों द्वारा आर्थिक योगदान भी लगातार किया जाता रहेगा तथा यह प्रस्ताव केवल 21 कोर कमेटी सदस्यों के लिए ही प्रस्तावित है तथा स्वेच्छानुसार है। सभी पर यह लागू नहीं होगा और साधारण सदस्यता शुल्क प्रति माह मात्र केवल रुपये एक सौ रुपएं ही रहेगा। बैठक में वित्तीय वर्ष 23-24 का लेखा जोखा, आय व्यय का विस्तृत ब्योरा प्रस्तुत तथा सर्वसम्मति से पारित किया गया तथा कोर कमेटी में कुछ नये नामों को जोड़े जाने के प्रस्ताव और नामों पर भी चर्चा हुई।

बैठक में किन्ही आपसी गलतफ हमियों के कारण दो कोर कमेटी सदस्य देव प्रिय कंसल (कंसल बुक डिपो) तथा कपड़ा व्यापारी पवन टंडन (जनरल स्टोर) के द्वारा बीते माह जून में दिये गये अपने इस्तीफे को संयोजक पुनीत टंडन तथा संपूर्ण कोर कमेटी द्वारा खारिज करे जाने पर दोनों ही व्यारियों के द्वारा अपने अपने इस्तीफे को स्वेच्छा से वापस लिया गया। बैठक में इस बात पर भी चर्चा हुई कि नैनीताल की व्यापारिक तथा सतत आर्थिक विकास से जुड़ी परेशानियाँ तथा हालत आम शहरों की व्यापारिक दिक्कतों से अलग रहती है इसीलिए व्यापार मंडल इन सभी बातों को प्रशासन के सम्मुख उठाता रहा है और संगठन के अब रजिस्ट्रेशन हो जाने के बाद और मजबूती के साथ प्रशासन शासन तथा जरूरी पड़ने पर केंद्र सरकार के सम्मुख भी रखने का प्रयास करेगा।

बैठक में माँ नयना देवी नैनीताल व्यापार मंडल संयोजक पुनीत टंडन जो कि संगठन के संस्थापक के साथ ही वर्तमान अध्यक्ष भी हैं के द्वारा प्रति माह कोर कमेटी की एक मीटिंग अनिवार्य रूप से किए जाने का सुझाव दिया गया जिसे सर्वसम्मति से पारित करते हुए प्रति माह दूसरे सप्ताह के बुधवार को किया जाना तय हुआ। बैठक में श्याम टंडन, जुनैद, विश्वदीप टंडन, आशीष, देव कंसल, पवन, गिरीश, सुमित खन्ना, अमरप्रीत सिंह, ओबरॉय उर्फ़ नानू, तरुण कांडपाल, विकास जयसवाल, शिव शंकर आदि मौजूद रहे।

ताजा व अपडेट खबरों के लिए देखते रहें।
www.uttaranchaldeep.com

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम प्रभा रानी से बदलकर वंदना पुरी रख लिया है, अतः भविष्य में मुझे वंदना पुरी नाम से जाना, पहचाना जाए। - **वंदना पुरी पत्नी श्री हरीश पुरी, हिमालया फार्म, बरेली रोड, हल्द्वानी, नैनीताल (उत्तराखंड)**

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम हरीश चंद्र सेन से बदलकर हरीश सेन रख लिया है, अतः भविष्य में मुझे हरीश सेन नाम से जाना, पहचाना जाए। - **हरीश सेन पुत्र श्री ललित सेन, देवलचौड़, बंदोबस्ती, हल्द्वानी, नैनीताल (उत्तराखंड)**

# भूरारानी क्षेत्र में दबंगों ने की कई राउंड फायरिंग

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

कोतवाली की भूरारानी क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक बाइक सवार दबंगों ने कई राउंड फायरिंग करके कालोनी में दहशत फैला दी। इससे पहले इन दबंगों ने कालोनी के ही एक युवक पर धारदार हथियारों से प्राणघातक हमले का भी प्रयास किया। नाकाम होने पर उक्त लोगों ने कालोनी में धावा बोल दिया। लोगों की भीड़ जुटने पर वह लोग धमकी देते हुए फरार हो गये। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। इस मामले में एक महिला की ओर से पुलिस को तहरीर दी गयी है। फायरिंग करने वाले बाइक सवार युवकों का वीडियो फुटेज भी सामने आया है जिसमें आरोपी तमंचा लहराते हुए साफ नजर आ रहे हैं। बुधवार को क्षेत्र के पूर्व पार्षद मोहन खेड़ा के नेतृत्व पीड़ित परिवार के लोग कोतवाली पहुंचे। इस दौरान भूरारानी वार्ड 32 निवासी शिव कुमार पुत्र मदन राम ने पुलिस को बताया कि मंगलवार रात करीब दस बजे अपने दोस्त राजू के साथ बाजार से घर की ओर



लौट रहा था। शिव कुमार की बिंदुखेड़ा के कुछ युवकों से कहासुनी हो गयी थी। जिसके चलते तमंचा,लाठी डंडे, और धारदार हथियारों से लैस करीब आधा दर्जन से अधिक युवकों ने फ्लाईओवर के पास शिव कुमार और राजू को घेर लिया। शिव कुमार और राजू ने बाइक को मौके पर ही छोड़कर बमुश्किल जान बचायी और पास ही स्थित फ्रैंडस कालोनी में छुप गये। आरोप है कि हमलावर युवक शिव कुमार को ढूंढते हुए उसकी कालोनी में जा धमके और यहां अलग अलग स्थानों पर ताबड़तोड़ फायरिंग करके दहशत फैला दी। फायरिंग से पूरे इलाके में हड़कम्प मच गया। बताया कि मोहल्ले के लोगों ने 112 पर पुलिस को सूचना दी लेकिन पुलिस काफी देर बाद पहुंची, तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। मामले में शिव कुमार की मां सीता देवी ने तहरीर दी। महिला ने तहरीर में पूरी घटना का खुलासा किया। तहरीर में बताया कि बुधवार सुबह हमलावरों ने शिव कुमार के फोन पर धमकी दी कि अगर रिपोर्ट कराई तो जान से मार देंगे। महिला ने पुलिस से पुत्र पर हमला करने व फायरिंग करने वालों पर कार्रवाई की मांग की। कोतवाल धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस ने मौके पर पहुंच गांव के लोगों से जानकारी ली जा रही है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। हमलावर जल्द ही पुलिस के शिकंजे में होंगे।

## फिल्मी दुनिया

# भूल भुलैया 3 में फवाद खान की एंट्री की अटकलें



*भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की अगली फिल्म भूल भुलैया 3 जल्द ही थिएटर में देखने को मिलेगी। ऐसे में फिल्म को लेकर तरह-तरह के अपडेट तो सामने आ ही रहे हैं, बल्कि इनके साथ-साथ अफवाहें भी उड़ रही है, जैसे एक अफवाह यह उड़ी कि पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान भूल भुलैया 3 में दिखाई देंगे। अब इस मामले पर खुद फिल्म निर्माता की ओर से स्थिति को साफ करते हुए जवाब आ चुका है। भूल भुलैया 3 के निर्माता भूषण कुमार ने फवाद खान की फिल्म में एंट्री की खबर को झूठ बता दिया है। भूषण कुमार के इस बयान से स्थिति को जरूर साफ हुई है, लेकिन इससे भारत में फवाद खान के प्रशंसकों को झटका लगा है, क्योंकि वो फवाद खान को लंबे समय से किसी हिंदी फिल्म में देखने का इंतजार कर रहे हैं। रणबीर कपूर और अनुष्का शर्मा की मुख्य भूमिका वाली ऐ दिल है मुश्किल फवाद खान की आखिरी हिंदी फिल्म थी, जो साल 2016 में रिलीज हुई थी। इसके बाद उन्होंने किसी बॉलीवुड फिल्म में काम नहीं किया। इस तरह उनके भारतीय फैंस आठ साल से उन्हें बड़े परदे पर देखने के लिए बेताब है। हालांकि, पिछले दिनों उन्हें लेकर एक खबर यह भी आई थी कि वो वाणी कपूर के साथ एक फिल्म के जरिए वापसी करने वाले हैं।*

### विद्या बालन भी दिखाई देंगी

*कलाकारों की बात करें तो इसमें कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका अदा कर रहे हैं। इन दोनों के अलावा फिल्म में विद्या बालन भी दिखाई देंगी। कार्तिक आर्यन के फैंस उन्हें एक बार फिर से रूह बाबा के किरदार में देखने के लिए काफी उत्सुक है। भूल भुलैया 3 को इसी साल दिवाली के मौके पर रिलीज किया जाएगा। इस फ्रेंचाइजी का पहला भाग भूल भुलैया साल 2007 में रिलीज हुआ था, जो मलयालम फिल्म मणिचित्राथु का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म में अक्षय कुमार, राजपाल यादव और विद्या बालन ने काम किया था। साल 2022 में भूल भुलैया 2 रिलीज हुई थी, जिसने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कारोबार किया था और इसमें कार्तिक आर्यन ने मुख्य किरदार अदा किया था।*

# हल्द्वानी के दीपक शाही नेपो सोनी टीवी के इंडिया बेस्ट डांसर के मेगा आडिशन में पहुंचे

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर निवासी दीपक शाही नेपो सोनी टीवी के सबसे बड़े डांसिंग शो इंडिया बेस्ट डांसर में जलवे बिखेरेंगे। दीपक आडिशन राउंड को पार कर मेगा आडिशन में पहुंच गये हैं।

दीपक ने अपनी सफलता का श्रेय पिता प्रकाश शाही व माता आशा शाही को दिया है। दीपक ने 5 वर्ष की उम्र से डांस करना शुरू कर दिया था। जैसे-जैसे उनकी उम्र बढ़ती गई वैसे-वैसे वह डांस में और बेहतर करने लगा। दीपक शाही ने सिटी लेवल डिस्ट्रिक्ट लेवल और स्टेट लेवल की चैंपियनशिप जीती है। दीपक वर्ष 2022 और 23 में रेडबुल डांस योर स्टाइल इंडिया चैंपियन बना। इसके साथ ही वह देश का प्रतिनिधित्व करने वर्ल्ड ऑफ डांस में दक्षिण अफ्रीका और जर्मनी भी गया। अब सोनी के इंडिया बेस्ट डांसर के मेगा ऑडिशन में पहुंचना दीपक की बड़ी उपलब्धि है। दीपक के डांस टीचर बहुत रहे लेकिन सबसे ज्यादा सहयोग उसे मुकेश सागर व उनके जीजा सुरेंद्र सिंह बिष्ट (भाजपा नगर मंत्री) ने किया। शहरवासियों को उम्मीद है कि वह इंडिया बेस्ट डांसर की ट्रॉफी हल्द्वानी लेकर आएंगे और उत्तराखंड को गौरवान्वित करेंगे।



News कॉर्नर

## लापता हमजा बेग का नहीं लगा सुराग

**रुद्रपुर।** 2 जुलाई से लापता हमजा बेग का कोई सुराग नहीं लगा है। किशोर की तलाश में पुलिस के छूट रहे हैं पसीने। हमजा बेग की तलाश में पुलिस की कई टीमें जुटी हुई है। फिलहाल किशोर का कोई अता-पता नहीं लग सका है। आदर्श कालोनी वार्ड 29 निवासी गफ्फार बेग ने पुलिस को बताया था कि 2 जुलाई 24 को सायं लगभग 7.30 बजे पुत्र 13 वर्षीय हमजा बेग घर से लापता हो गया है। पुत्र सीसीटीवी कैमरे में जाता हुआ दिखाई दे रहा है। किशोर के पिता ने बताया कि पुत्र का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस से पुत्र की तलाश करने की गुहार लगाई। पुलिस ने किशोर की गुमशुदगी दर्ज कर ली है और तलाश में जुट गई।

## बेस अस्पताल में काम पर नहीं लौटे स्वास्थ्य कर्मी

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा मेडिकल कॉलेज के अधीन बेस अस्पताल में 123 स्वास्थ्य कर्मियों के कार्य बहिष्कार से व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। सफाई से लेकर मरीजों को उपचार तक मिलना मुश्किल हो गया है। मरीजों के साथ तीमारदार और चिकित्सक परेशान हैं। स्वास्थ्य कर्मियों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि जब तक पद स्वीकृत नहीं होते और उन्हें वेतन नहीं मिलता वे काम पर नहीं लौटेंगे। मंगलवार को पीआरडी, उपनल और आउटसोर्स से वार्ड ब्वॉय, वार्ड आया, पर्यावरण मित्र और सुरक्षा गार्ड के पद पर तैनात 123 कर्मियों ने दूसरे दिन भी कार्य बहिष्कार किया। उन्होंने बेस अस्पताल परिसर में एकत्र होकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि कोरोनाकाल से लेकर अब तक उन्होंने अपनी दायित्वों का पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन किया। मेडिकल कॉलेज और बेस अस्पताल में पद सृजित न होने से उन्हें अब तक स्थायी तैनाती नहीं मिल सकी है।

# यातायात कार्यालय में निशुल्क नेत्र जांच, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी के आदेशानुशार, एसपी क्राइम /यातायात चंद्रशेखर घोड़के, एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल के निर्देशन में आम लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने को जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मंगलवार को यातायात कार्यालय रुद्रपुर में सेवा क्रांति वेलफेयर ट्रस्ट रुद्रपुर की ओर से निशुल्क नेत्र शिविर, हेल्थ चेकअप और ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस दौरान ट्रक,बस,ऑटो,ई रिक्शा चालकों के आंखों का भी निशुल्क चेक अप कराया गया।



एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि शिविर में 400 से अधिक चालकों समेत अन्य लोगों ने आंखों का चेक अप और हेल्थ चेकअप कराया। उन्होंने बताया कि जनपद में पुलिस द्वारा शिविर के माध्यम से आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुक किया जा रहा है। सड़क पर सुरक्षा की जिम्मेदारी सभी की है। सड़क एक ऐसा स्थान है जिसका उपयोग छोटे बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक हर कोई करता है। इसलिए सड़क पर स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों का पालन करना आवश्यक है। सीओ यातायात बीएस चौहान,यातायात निरीक्षक नरेंद्र कुमार आर्या ,सीपीयू इंचार्ज राकेश बिष्ट,टीएसआई धनपाल तनवार,हेड कांस्टेबल रविन्द्र कुमार,जितेंद्र तिवारी,मनोज रावत, हेड कांस्टेबल जीवन कुमार,मनोज कुमार,इंदर भंडारी,नीमा बिष्ट,शाहनाज आदि मौजूद रहे। यातायात कार्यलय में आयोजित नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में लगभग 400 से अधिक का चेकअप किया गया।

### इन पुलिस कर्मियों ने किया ब्लड डोनेशन

यहां इंदिरा चौक पर स्थित यातायात कार्यालय पर यातायात नियमों को जागरूक करने को आयोजित गोष्ठी के दौरान ब्लड डोनेशन कैंप भी लगाया गया। इस दौरान सीपीयू प्रभारी राकेश बिष्ट, यातायात निरीक्षक नरेंद्र कुमार आर्या,एसआई सीपीयू दिनेश उप्रेती, एडिशन टीएसआई वीरेंद्र यादव,हेड कांस्टेबल मनीष, हेड कांस्टेबल आनंद जलाल,हेड कांस्टेबल कमल, कांस्टेबल गणेश, कांस्टेबल गुरुदत्त कांस्टेबल रवि कुमार,कांस्टेबल आनंद सिंह आदि शामिल रहे।

# आफत की बारिश: हल्द्वानी में उफनाते नाले में बहने से बचीं कारें

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर में आज बुधवार की तड़के हुई बारिश से नदी-नाले फिर उफान पर आ गये। इससे शहर के तमाम क्षेत्रों में जलभराव हो गया। काठगोदाम के दमुवाढूंगा क्षेत्र स्थित देवखड़ी नाले के उफान पर आने से दो कारें वहां फंस गई। गनीमत रही कि वहां रेलिंग में काम के रुक जाने के कारण बड़ा हादसा टल गया। इस बीच कार सवारों की जान आफत में आ गई। बाद में पानी कम होने पर कार वहां से सुरक्षित निकाली गईं।

देवखड़ी नाले में सुबह दो कारें पानी के तेज बहाव में फंस गईं। आनन फानन में कार सवारों ने तत्काल बाहर निकलकर अपनी जान बचाई। गौरतलब है कि प्रशासन बरसात में नदी-नाले से दूर रहने की अपील कर रहा है इसके बावजूद लोग बेरोकटोक



उफान पर आये नालों में वाहन चला रहे हैं। बीती 11 जुलाई को देवखड़ी नाले में बुलेट सवार पेट्रोल पंप कर्मी आकाश सिंह बह गया था। पुलिस को उसकी तलाश करने में खासी मशक्कत करनी पड़ी थी। चार दिन बाद उसका शव लालकुआं विधानसभा क्षेत्र से बरामद हुआ था।

**बाल-बाल बचे**

- आज तड़के हुई बारिश से फिर हुआ जगह-जगह जलभराव

# दुकानदार बंद कर घर जा रहा व्यापारी पर जान लेवा हमला

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में कुछ दबंगों ने दुकान बंद कर घर जा रहा दुकानदार पर जान लेवा हमला कर दिया। हमले वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हमलावर घटना के बाद मौके से भाग गए। घायल को सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया।

वहां से चिकित्सकों ने उनकी हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इस मामले में पुलिस ने दो नामजद समेत अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र वार्ड तीन निवासी अंकित कुमार सिंह पुत्र धीरेन्द्र कुमार सिंह ने पुलिस को बताया कि उसका चाचा आनंद कुमार सिंह पुत्र मदन पाल सिंह की सिडकुल ढाल पर बैग और चश्मे की दुकान हैं ।14 जुलाई 24 को रात 10 बजे चाचा दुकान बंद कर घर जा रहे थे। तभी दुकान के सामने ही आनंद पुत्र श्याम लाल और संतोष सागर पुत्र रमेश सागर समेत 8-10 अज्ञात लड़के अचानक चाचा आनंद को जान से मारने की नियत से लाठी डंडे हथौड़ी लोहे की रौड इत्यादि से हमला कर दिया। आरोप है कि हमलावर चाचा को जान से मारने की थमकी देते हुए भाग गए। आनंद कुमार को गंभीर हालत में सरकारी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे तो वहां पर चिकित्सकों ने हालत गंभीर बताते हुए सुशीला तिवारी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बताया कि वहां पर न लें जाकर निजी अस्पताल ले गए। वहां पर चिकित्सकों ने मना कर दिया। बाद में लखनऊ रेफर कर दिया गया। वहां पर भी हालत गंभीर बताई जा रही है।शरीर पर गंभीर चोटें हैं। इंस्पेक्टर भारत सिंह ने बताया कि पुलिस ने घायल के भतीजे की तहरीर पर हमलावरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। फिलहाल हमलावर पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

**घटना**

- हल्द्वानी हायर सेंटर से भी लखनऊ के लिए रेफर
- दो नामजद समेत 8-10 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

# उत्तराखंड में भाजपा सरकार आपदा से निपटने में फेल: भाकपा




लालकुआं/हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

भाकपा (माले) कार्यकर्ताओं की बैठक पार्टी कार्यालय दीपक बोस भवन में हुई। बैठक की शुरुआत शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। वक्ताओं ने कहा कि लगातार शहीद हो रहे सैनिकों के लिए केंद्र सरकार की नीतियां जिम्मेदार हैं। भाकपा माले जिला सचिव कैलाश पाण्डेय ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तराखंड में भाजपा की सरकार आपदा के मोर्चे पर पूरी तरह फेल साबित हो रही है है। प्रदेश में पहाड़ से लेकर मैदान तक वनाग्नि से लेकर बारिश के कारण पैदा हुए हालातों पर धामी सरकार का रवैया बेहद निराशाजनक और कामचलाऊ किस्म का बना हुआ है। जिसके चलते जनता को भारी संकट का सामना करना पड़ रहा है। शुरुआती बारिश में ही अचानक पानी भरने से बाढ़ जैसे हालात पैदा हो जा रहे हैं लेकिन साल दर साल आपदा के चपेट में आने के बावजूद राज्य में कोई प्रभावी तंत्र और निपटने का इंतजाम भाजपा सरकार नहीं कर सकी है। लंबे समय से स्थाई तटबंध बनाकर गौला नदी के किनारे बाईपास सड़क के निर्माण की मांग माले द्वारा की जा रही है लेकिन अपने चहेतों को हर साल करोड़ों के ठेके देकर मालामाल करने का खुला खेल खेला जा रहा है। वरिष्ठ माले नेता बहादुर सिंह जंगी ने कहा कि, सरकार के गोरक्षा कानून के कारण आवारा हुए गोवंश पशु खेती किसानी को तहस नहस करने का कारण बन रहे हैं। माले नेताओं ने बताया कि 28 जुलाई को माले के संस्थापक महासचिव कामरेड चारू मजूमदार के शहादत दिवस पर विभिन्न स्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में बिन्दुखत्ता सचिव पुष्कर दुबडिया, विमला रौथाण, किशन बघरी, नैन सिंह कोरंगा, धीरज कुमार, निर्मला शाही, स्वरूप सिंह दानू, कमल जोशी, गोपाल गड़िया, हरीश भंडारी, त्रिलोक सिंह दानू, दान सिंह मेहरा, धीरज भट्ट, ललित जोशी, प्रमोद कुमार, त्रिलोक राम,आनंद सिंह दानू, अनीता आदि मौजूद थे।

## गुरुओं के बताए हुए मार्ग पर चलें: स्वामी धर्मदेव जी महाराज

**रुद्रपुर।** आज गुरु पूर्णिमा का पावन अवसर है इस मौके पर श्री हिमगिरी महादेव मंदिर में गुरु पूर्णिमा का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी महाराज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर मंदिर में पहुंचे और भक्तों को आशीर्वाद दिया।

इस दौरान प्रवचन में स्वामी धर्मदेव जी महाराज ने कहा कि जो भी व्यक्ति अपने जिस भी गुरु को मानता है वह अपने गुरुओं का सदैव सम्मान करें तभी एक स्वस्थ समाज की कल्पना की जा सकती।

# साइबर ठगों ने बेटी का अपहरण की बात पर मांगे 10 लाख

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के मल्लीताल निवासी एक व्यक्ति को साइबर ठगों ने उसकी बेटी का अपहरण हो जाने की बात कहकर 10 लाख की मांग कर डाली।

पिता ने डर से पांच हजार की रकम भी बताए हुए खाते में डाल दी। मगर बेटी के मोबाइल पर बात करने के बाद उसने कोचिंग में होने की बात कही तो उसे ठगी का अहसास हुआ। पिता की ओर से कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई है।

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक मल्लीताल वेलड्राफ कंपाउंड निवासी तेज सिंह ने तहरीर देकर कहा है कि बीते 11 जुलाई (गुरूवार) को उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया। दूसरी ओर से बात कर रहे व्यक्ति ने उसकी बेटी का अपहरण हो जाने की बात कही साथ ही फि रौती के रुप में 10 लाख की मांग की। पहले तो उसे यकीन नहीं हुआ मगर बात कर रहे व्यक्ति ने बेटी व सभी परिवार जनों के नाम भी बता दिये जिस कारण वह बेहद घबरा गया और इतनी रकम नहीं होने की बात कही। यह सुन दूसरी ओर से व्यक्ति ने फि लहाल जितना पैसा है वही एक खाते में डालने को कहा।

उसने बताए हुए खाते में पांच हजार रुपये भी डाल दिये। मगर कुछ समय बाद जब बेटी के नंबर पर संपर्क किया तो उसने कोचिंग में होने की बात कही। जिससे उसे ठगी का अहसास हुआ। एसएसआई पीएस मेहरा ने बताया कि शिकायत को साइबर सेल को भेज दिया गया है।

# एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने लापता लोगों बरामद कर परिजनों को सौंपा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

लापता लोगों की बरामदगी के लिए चलाये जा रहे ऑपरेशन स्माइल अभियान के तहत जनपद की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने दो नाबालिग लड़कियों को परिजनों से मिलाकर उनके परिवारजनों के चेहरों पर मुस्कान लौटा दी। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/नोडल अधिकारी ऑपरेशन स्माइल टीम के दिशा- निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी निरीक्षक जीतो कंबोज के नेतृत्व में ऑपरेशन स्माईल टीम ने अभियान के तहत लापता मंजू पुत्री सरजेस निवासी इंद्रा कालोनी पंतनगर को तलाश कर परिजनों के सुपुर्द किया। गुमशुदा को



सुरक्षित पाकर परिजनों के चेहरों पर मुस्कान लौट आयी। इसके अलावा टीम ने गुमसुदा सुमन पुत्री प्रेमवती निवासी गोविंद नगर थाना ट्रांजिट कैंप जो घर से नाराज होकर कही चली गई। कड़ी मशक्कत कर सितारगंज में रेस्क्यू किया वह अपनी बुवा के घर रह रही थी। टीम ने खोज बीन कर उसे रेस्क्यू कर परिजनों को सौप दिया। जिस पर परिजनों ने राहत की सांस ली। साथ ही उत्तराखंड पुलिस का आभार व्यत्तफ़ किया। टीम प्रभारी ने बताया कि उन्हें जो सूचना मिली उसमें 176 लोग लापता थे। उनमें से 81 लापताओं को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। इनमें महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हैं। निरीक्षक जीतो कम्बोज के अलावा, एएसआई अमित कुमार, हेड कांस्टेबल सुभाष चन्द्र, कांस्टेबल ममता मेहरा, प्रियंका कोरंगा आदि शामिल थे।

**अभियान**

- जनपद में दो माह तक चला आपरेशन स्माइल के तहत टीम ने दर्ज गुमशुदगी 176 में 81 बरामद किए